कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, नरेन्द्रनगर।
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, CONST. DIVISION, P.W.D., NARENDRA NAGAR
Phone & Fax 01378-227229 E-mail.-eepwdnarendranagar@ymail.com

पत्रांक 1208/6.M.6 दिनांक 06/07/2024

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग,
मुनिकीरेती, टिहरी गढ़वाल

विषयः– जनपद टिहरी गढ़वाल में मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्या–605/2014 के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर के अन्तर्गत शिवपुरी से जाजल तक रोड का डबल लेन में निर्माण कार्य हेतु 4.69 है0 वनभूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड देहरादून का पत्रांक 2342/12–1 देहरादून, दिनांक 14.05.2024 एवं पत्रांक–23/12–1, दिनांक 03.07.2024।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्रों के अनुपालन में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चाही गयी आख्या/प्रतिउत्तर निम्नवत् है–

| क्र0 सं0 | बिन्दु | विभाग की आख्या/प्रतिउत्तर |
|---|---|---|
| 1 | यह देखा गया है कि पहले से ही एक निर्मित सड़क है जो प्रस्तावित सड़क समरेखण के समानान्तर जा रही है। डी0एफ0ओ0 महोदय से अनुरोध है कि वे इस दृष्टि से कार्यस्थल का दौरा करें और विस्तृत कार्यस्थल निरीक्षण आख्या प्रस्तुत करें। | महोदय बिन्दु संख्या 1 के क्रम में अवगत कराना है कि इस खण्ड द्वारा के0एम0एल0 को बनाने में हुयी त्रुटि के कारण के0एम0एल0 पूर्व निर्मित मार्ग के समानान्तर प्रदर्शित हो रही थी। वर्तमान में पूर्व अपलोडिक के0एम0एल0 में हुयी त्रुटि को ठीक कर पुनः संशोधित के0एम0एल0 परिवेश पोर्टल पर ऑनलाईन प्रस्ताव के क्रमांक 4.1 पर अपलोड कर दिया गया है। |
| 2 | चूंकि यह देखा गया है कि आसपास के क्षेत्र में एक मौजूदा एन0एच0 है, इसलिये सड़क का विस्तृत औचित्य प्रस्तुत करना आवश्यक है। | महोदय, बिन्दु संख्या 2 के क्रम मे अवगत कराना है कि प्रस्तावित मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–94 एंव राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–7 को आपस में जोडने वाला न्यूनतम दूरी का मार्ग है। यदि किसी वाहन को जाजल से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–94 से होते हुये शिवपुरी तक जाना है तो उस परिस्थिति में वाहन को 42.00 कि0मी0 राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–94 एवं 15.00 कि0मी0 राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–7 पर दूरी तय करनी होगी। इस प्रकार कुल 57.00 कि0मी0 की दूरी तय करनी पड़ेगी जबकि इस मार्ग के निर्माण के उपरान्त कुल मात्र 23.00 कि0मी0 दूरी तय करने के उपरान्त वाहन शिवपुरी में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–7 तक पहुंचेगा। इस प्रकार वाहन को कुल 34.00 कि0मी0 कम दूरी तय करनी होगी पहाडी मार्ग की दृष्टि से 34.00 कि0मी0 की दूरी एक अत्यधिक दूरी होती है, 34.00 कि0मी0 की दूरी को तय करने में लगने वाले समय के साथ–साथ ईंधन एवं पर्यावरण की भी हानि होती है। 34.00 कि0मी0 दूरी तय करने में व्यय होने वाले ईंधन का विवरण संलग्न (संलग्नक–1) कर प्रेषित है। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि प्रस्तावित मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–7 से प्रारम्भ होकर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–94 को जोड़ता है किन्तु प्रस्तावित मार्ग के मध्य से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–94 से हवाई दूरी लगभग 5.37 कि0मी0 है। |

अतः आपसे अनुरोध है कि जनहित में मार्ग का निर्माण हेतु वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव पर सहानभूति पूर्वक विचार करते हुये वन भूमि हस्तान्तरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करनें का कष्ट करे।

संलग्न– उपराक्तानुसार

6/7/24

(ई0 विजय कुमार मोघा)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
नरेन्द्रनगर

पत्रांक ........../.................................. तद्दिनांक

प्रतिलिपिः–

1. सहायक अभियन्ता–प्रथम, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 नरेन्द्रनगर को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
नरेन्द्रनगर

CamScanner

संलग्नक—1

## शिवपुरी—जाजल डबल लेन मोटर मार्ग निर्माण से होने वाले लाभ का मूल्यांकन

| | | | |
|---|---|---|---|
| | मार्ग में कुल दूरी की बचत | 34.00 KM | |
| | औसत वाहन ईंधन खपत प्रति कि0मी0 | 10.00 KM/Lit | |
| | प्रति वाहन ईंधन की बचत | 3.40 Lit | |
| | प्रति लीटर ईंधन का औसत मूल्य | 92.00 Per Lit | |
| | प्रति वाहन ईंधन की बचत रूपये में | Rs. 312.80 | |

### सामान्य परिस्थितियों में (प्रतिदिन)

| क0सं0 | मार्ग का नाम | वाहनों की गणना का स्थान | वाहनों की आवाजाही की दिशा | वाहनों की संख्या लगभग (प्रतिदिन) | प्रतिवाहन होने वाली बचत | कुल बचत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देवप्रयाग—नरेन्द्रनगर मोटर मार्ग | भद्रकाली मंदिर तिराहा | शिवपुरी से नरेन्द्रनगर की ओर आने वाले वाहन | 1500.00 | Rs. 312.80 | 469200.00 |
| 2 | नरेन्द्रनगर—देवप्रयाग मोटर मार्ग | भद्रकाली मंदिर तिराहा | नरेन्द्रनगर से शिवपुरी की ओर जाने वाले वाहन | 600.00 | Rs. 312.80 | 187680.00 |
| | | | | | योगः— | 656880.00 |
| | सामान्य परिस्थितियों में अनुमानित समय (08 माह) 243 दिन में होने वाली कुल बचत | | | | | 159621840.00 |

### चारधाम यात्रा में (प्रतिदिन)

| क0सं0 | मार्ग का नाम | वाहनों की गणना का स्थान | वाहनों की आवाजाही की दिशा | वाहनों की संख्या लगभग (प्रतिदिन) | प्रतिवाहन होने वाली बचत | कुल बचत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देवप्रयाग—नरेन्द्रनगर मोटर मार्ग | भद्रकाली मंदिर तिराहा | शिवपुरी से नरेन्द्रनगर की ओर आने वाले वाहन | 2800.00 | Rs. 312.80 | 875840.00 |
| 2 | नरेन्द्रनगर—देवप्रयाग मोटर मार्ग | भद्रकाली मंदिर तिराहा | नरेन्द्रनगर से शिवपुरी की ओर जाने वाले वाहन | 2500.00 | Rs. 312.80 | 782000.00 |
| | | | | | योगः— | 1657840.00 |
| | चारधाम यात्रा में का अनुमानित समय (04 माह) 122 दिन में होने वाली कुल बचत | | | | | 202256480.00 |
| | मार्ग निर्माण से प्रतिवर्ष होने वाली अनुमानित बचत | | | | | 361878320.00 |
| | मार्ग निर्माण से प्रतिवर्ष होने वाली अनुमानित बचत (रू0 लाख में) | | | | | 3618.78 Lakhs |

Addl Assistant Engineer
C.D. P.W.D.
Narendra nagar

Assistant Engineer
C.D. P.W.D.
Narendra nagar

Executive Engineer
C.D. P.W.D.
Narendra nagar